## कार्यपत्र-9

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'राजा ने वीर को ____________ दिया।'– पुल्लिंग शब्द से वाक्य पूरा कीजिए। (ii) ईनाम ✓

(ख) कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है? (iv) खरगोश ✓

(ग) 'राजा' का स्त्रीलिंग क्या है? (i) रानी ✓

(घ) कवि का स्त्रीलिंग क्या है? (iii) कवयित्री ✓

(ङ) 'चूहा' का स्त्रीलिंग कौन-सा है? (ii) चुहिया ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) संज्ञा शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का पता चलता है, उसे लिंग कहते हैं; जैसे– माता-पिता, गाय-बैल आदि।

(ख) लिंग के दो भेद हैं–

1. पुल्लिग– पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिग कहलाते हैं; जैसे– लड़का, घोड़ा आदि।

2. स्त्रीलिंग– स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे–लड़की, घोड़ी आदि।

(ग) निर्जीव वस्तुओं के लिंग की पहचान इनके लिए प्रयुक्त क्रिया शब्दों से की जाती है। इसके अतिरिक्त लिंग निर्धारण के कुछ नियम निश्चित हैं। जैसे– दिनों के नाम, महीनों के नाम, समुद्रों के नाम और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के नाम पुल्लिग होते हैं तथा नदियों के नाम, तिथियों के नाम, भाषाओं आदि के नाम स्त्रीलिंग होते हैं।

(घ) नित्य पुल्लिग शब्द – खरगोश, तोता।

नित्य स्त्रीलिंग शब्द – छिपकली, मछली

**3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों के विपरीत लिंग से रिक्त स्थान भरिए।**

(क) **कवयित्री** ने सुंदर कविताएँ सुनाईं। (कवि)

(ख) कल मेरे **चाचा** दिल्ली जाने वाले हैं। (चाची)

(ग) मुझे **पिता** का बना खाना पसंद नहीं है। (माता)

(घ) उस **बुद्धिमान** लड़के को बुलाओ। (बुद्धिमती)

(ङ) मुझे नाचता हुआ **मोर** बहुत पसंद है। (मोरनी)

**4. दिए गए शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | नौकर | नौकरानी | (ख) | बाल | बालिका |
| (ग) | इंद्र | इंद्राणी | (घ) | देव | देवी |
| (ङ) | चालक | चालिका | (च) | आयुष्मान | आयुष्मती |

**5. रेखांकित शब्दों के लिंग लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मेरे <u>पैर</u> में चोट लग गई। | पुल्लिग |
| (ख) | मुझे <u>आइसक्रीम</u> खाना अच्छा लगता है। | स्त्रीलिंग |
| (ग) | <u>हिमालय</u> सबसे ऊँचा पर्वत है। | पुल्लिग |
| (घ) | <u>सब्ज़ी</u> में नमक अधिक है। | स्त्रीलिंग |
| (ङ) | हमें असहाय की <u>सेवा</u> करनी चाहिए। | स्त्रीलिंग |
| (च) | वह अपना <u>बस्ता</u> भूल गया। | पुल्लिग |
| (छ) | आपकी <u>अलमारी</u> में मेरी साड़ी है। | स्त्रीलिंग |
| (ज) | <u>दरवाज़े</u> पर कौन खड़ा है? | पुल्लिग |